हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.6 डिग्री
न्यूनतम 30.7 डिग्री

12 22 जिलों में 38 रक्तदान शिविर आयोजित एक



12 थाली व कलश डेकोरेशन स्पर्धा में लक्षिता ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### दूध की डेयरी से नकदी व सामान चोरी

**बराड़ा।** गांव नौहनी में डेयरी से नगदी व सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित रमेश पाल ने बताया कि 11 जून में रात को वह दुकान को बंद करके घर गया। सुबह अगले दिन जब वह दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दुकान का सामान बिखरा पड़ा है। दुकान की पिछली साइड में लगा एक्जॉस्ट फैन भी टूटा मिला। दुकान के गल्ले में रखे 5-6 हजार रूपये गायब मिले।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज प्लाट बेचने के नाम की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। डिफेंस कॉलोनी के विजय कुमार ने 29 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 अक्तूबर 2012 से 29 मार्च 2024 के दौरान आरोपी हरप्रीत सिंह व अन्य ने उससे गांव कलरहेडी में प्लाट बेचकर इंतकाल ना कराने के मामले धोखाधडी कर एक बडी रकम हडपने का अपराधिक कार्य किया है।

### सींक पाथरी गांव के पास कश्मीर का युवक डूबा

पानीपत। पानीपत जिले में सींक पाथरी गांव के पास से गुजर रही नहर में कश्मीर के श्रीनगर का निवासी शहशाज अहमद युवक डूब गया। युवक को डूबे हुए शुक्रवार को तीसरा दिन है। लेकिन, प्रशासन की ओर से उसे ढूंढ़ने में किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिली है। श्रीनगर और जम्मू से परिजन खुद पानीपत पहुंचे और किसी तरह उसकी तलाश कर रहे है। युवक, यहां ट्रक ड्राइवर के साथ जम्मू से माल लेकर पहुंचा था।

### धड़ल्ले से कट रही है अवैध कालोनियां

**पानीपत।** पानीपत जिला योजनाकार और नगर निगम की मिली भगत से सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं द्वारा धड़ले अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने लगाया।

# तरावड़ी में तीन दिवसीय इंटरनेशनल राइस मशीनरी एक्सपो फूड इंडिया मेले का शुभारंभ

## व्यापार मेले में सौ से अधिक कंपनियों ने अपनी मशीनरी का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

- शहरी व निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने रिबन काटकर किया शुभरंभ


व्यापार एक्स्प्रेस द्वारा ऐतिहासिक चावल निर्माण और निर्यात के लिए प्रसिद्ध नगरी तरावडी की अनाज मंडी मे तीन दिवसीय इंटरनेशनल राइस मशीनरी एक्सपो फूड इंडिया व्यापार मेले का शुभारंभ निकाय मंत्री सुभाष सुधा द्वारा रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित किया गया। इस फूड इंडिया एक्स पो मे इंटरनेशनल स्तर पर चावल निर्माण के लिए आधुनिक मशीनरी प्रदर्शित अलग-अलग कंपनियों द्वारा की गई है। इस मौके पर निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने कहा हरियाणा के चावल उद्योग हब के रूप में जाने जाती तरावड़ी नगरी में इस तरह का मेला लगा आयोजकों द्वारा एक ही छत के नीचे चावल निर्यात से जुड़ी नई तकनीक की मशीनरी का प्रदर्शन किया गया है। इससे चावल निर्माता को नई मशीनरी के बारे में सफलतापूर्वक जानकारी मिलेगी वह अपने उद्योग को आगे बढ़ाने में और भी अधिक सफलता मिलेगी। हरियाणा सरकार की तरफ से भी ऐसे मेले लगाने पर विचार किया जाएगा मैं लोगों की आवाज सरकार तक पहुंच जाऊंगा और दिल्ली की तर्ज पर हरियाणा में भी हर साल व्यापार मेले के लिए एक सुनिश्चित की गई जगह को चिन्हित कर ऐसे व्यापार मिले लगाने में सरकार प्रयास करेगी।



तरावड़ी। मेले में शहरी व निकाय मंत्री सुभाष सुधा स्टालों का अवलोकन करते साथ में शहर के राइस मिलर एवं गणमान्य लोग।

### मेले से किसानों को भी अधिक जानकारी मिल सकती

फूड एक्सप्रो व्यापार मेले के आयोजक तिलक राज अरोड़ा ने बताया बताया कि इस प्रदर्शनी मे चावल, फोर्टीफाईड राइस, गेंहू, ग्रेन मिलिंग, क्लीनिंग, शोर्टिंग, पेडी, ड्रायर, स्टोरेज, मेटेरियल हैंडलिंग, प्लांट तथा मशीनरी प्रदर्शित की गई है। सौ से ज्यादा कम्पनी प्रदर्शनी भाग ले रही हैं। यह सभी कंपनियां नई मशीनरी आधुनिक तकनीक से चावल निर्माण करने की मशीनरी और फूड से रिलेटेड मशीनरी लेकर आई है। इसे निर्माता चावल निर्माता एंड फूड से रिलेटेड निर्माता को नई मशीनरी के बारे में अधिक जानकारी मिल रही है। हम सभी व्यापारियों से अपील करते हैं कि इस व्यापार मेले में आकर नई तकनीक की जानकारी हासिल कर सकते हैं और अपने व्यापार को उच्च स्तर पर बढ़ावा दे सकते हैं। प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे कंपनियां के कर्मचारियों के लिए वह मेले में आने वाले व्यापारियों के लिए खाने का विशेष प्रबंध किया गया है। इस व्यापार मेले से किसानों को भी अधिक जानकारी मिल सकती है। इस तीन दिवसीय व्यापार मेले में सभी व्यापारियों और फूड से रिलेटेड उद्योग इंडस्ट्री से जुड़े जुड़े लोगों को आमंत्रित किया जाता है।



मुख्यमंत्री नायब सैनी गीता ज्ञान संस्थानम में पहुंचकर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद से आशीर्वाद लेते।

# सीएम ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कार्यकर्ताओं से भी शिष्टाचार भेंट की

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह शुक्रवार को कुरुक्षेत्र स्थित सीएम कैंप कार्यालय व गीता ज्ञान संस्थानम में पहुंचे। यहां पहुंचने पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से शिष्टाचार भेंट की। गीता ज्ञान संस्थानम में पहुंचने पर उन्होंने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दोनों जगहों पर आए कार्यकर्ताओं से बातचीत कर, उनका कुशलक्षेम भी पहुंचा तथा यहां पर जो लोग आए थे, उनके प्रार्थना पत्र लेते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि जो भी उनके कार्य है, वे प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि आमजन को अपने कार्यों को करवाने में सुगमता हो, इसके लिए समाधान शिविरों का आयोजन प्रत्येक जिले में किया जा रहा है। जो भी कार्यों से संबंधित रिपोर्ट होती है, वह उपायुक्त के माध्यम से चंडीगढ़ मुख्यालय भी पहुंचाई जा रही है। मकसद लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। इस मौके पर उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरियां, कुरुक्षेत्र 48 कोस के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, अनुसूचित घुमंतू जाति बोर्ड से जयसिंह पाल, पूर्व विधायक जिले राम शर्मा, जिप के पूर्व चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी, देवी दयाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# सीएम के आदेश पर बाढ़ से बचाव के लिए टांगरी नदी में शुरू हुआ कार्य

## भाजपा नेता आशीष तायल समेत दूसरे नेताओं ने चल रहे कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- पिछले सीजन में नदी के पानी ने मचाई थी तबाही

छावनी की टांगरी नदी में चल रहे कार्य का निरीक्षण करने के लिए अंबाला जिला कोषाध्यक्ष आशीष तायल अपने साथियों सहित पहुंचे। ग़ौरतलब है कि कुछ दिन पहले आशीष तायल के नेतृत्व में अंबाला छावनी के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाक़ात करने उनके निवास पर पहुंचा था। प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखी गई मांगों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इन मांगों में एक मांग टांगरी नदी के पानी से आने वाली बाढ़ से अंबाला छावनी को बचाने की भी थी। तायल ने बताया कि बरसातों में पहाड़ों से टांगरी नदी में भारी मात्रा में पानी आता है जिससे टांगरी नदी में उफान आ जाता है। पिछले साल बरसातों में टांगरी नदी के पानी से अंबाला छावनी के इंडसट्रियल एरिया, कुछ कालोनियों और गांवों में बाढ़ आ गई थी जिससे व्यापारियों और आम लोगों का काफी नुकसान हुआ था। आने वाले बरसात के मौसम को देखते हुए हम लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से टांगरी में कार्य करवाने के लिए आग्रह किया था जिसपर उन्होंने आज यह कार्य शुरू करवा दिया है।

उन्होंने आगे बताया कि अधिकारियों ने उनको आश्वासन दिया है कि बरसातों से पहले पहले यह कार्य मुकम्मल करवा दिया जायेगा।



कार्य का जायजा लेते हुए भाजपा नेता व अन्य।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया

तायल ने कहा कि इस कार्य के मुकम्मल हो जाने से इंडस्ट्रियल एरिया, आसपास की कॉलोनियों और गांवों के लोगों को बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। इस कार्य को तुरंत करवाने के लिए तायल और स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर सोनकर, अरुण कौशिक व अन्य स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# पानीपत के खादर में तेंदुए की दहशत

## तलाश में जुटी पानीपत व यूपी की वन विभाग की टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- ड्रोन से की जा रही है तलाश

पानीपत में यमुना के खादर में बसे गांवों में तेंदुए की दस्तक से दहशत का माहौल है। वन विभाग की छह टीमें यमुना नदी से सटे गांव नवादा-पत्थरगढ़ और हरियाणा सीमा से लगते यूपी यमुना खादर क्षेत्र के जंगलों में ड्रोन उड़ाकर और कांबिंग कर तेंदुए की तलाश करने में जुटी हैं। तेंदुआ गांव नवादा, पत्थरगढ, तामशाबाद में देखा गया है। करीब पांच दिन पहले यानी 9 जून को हरियाणा के गांव नवादा के सामने यूपी के एरिया में यमुना किनारे खेतों में एक बच्ची को तेंदुए ने मार डाला था। जिससे दोनों राज्यों के गांवों के लोग डरे हुए हैं। टीमें सुबह से शाम तक तेंदुए की तलाश कर रही हैं, लेकिन उसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है।

वहीं, विभागीय टीम ने लोगों एवं बच्चों को पंपलेट देकर उन्हें तेंदुए से बचाव के उपाय बताते हुए जागरूक किया है। पिछले सप्ताह यूपी के पानीपत जिला से लगते गांव मंडावर में ननिहाल में रह रही चार वर्षीय अंशा उर्फ इंशा को रात में तेंदुए ने नोच दिया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके बाद से खादर क्षेत्र के गांव मंडावर के अलावा बसेड़ा, पठेड़, खुरगान, अकबरपुर सुन्हेटी व दभेड़ी खुर्द आदि व हरियाणा के साथ लगते गांव नवादा-आर, नवादा-पार, पत्थरगढ़, तामशाबाद, रामडा-आर, सनौली आदि गांवों में तेंदुए की दहशत के चलते लोगों ने खेतों में जाना छोड़ दिया। लोग बच्चों को भी अकेले घरों से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं।

# पानीपत की प्रथम महिला बनी काजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- पार्षद रणदीप बेनीवाल ने काजल को चेयरपर्सन बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

पानीपत की प्रथम महिला के पद को काजल देशवाल सुशोभित करेगी। काजल, जिला परिषद अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई है। वहीं चेयरपर्सन का पद पिछल्ले तीन माह से खाली पडा था। चुनाव पानीपत तहसील के नायब तहसीलदार अस्तित्व पाराशर और डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया की जिम्मेदारी में करवाया। चुनाव आयोग के आदेश पर चुनाव की वीडियोग्राफी भी कराई गई। 17 पार्षदों में 13 पार्षदों का उनके पास समर्थन दिया। सीनियर अफसरों के रहते नायब तहसीलदार को चुनाव कराने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाने पर पार्षदों को संशय है। अगर नायब तहसीलदार से ही चुनाव कराना था तो यह काम 7 जून को भी हो सकता था। तब यह कहकर चुनाव को टाल दिया गया था कि डीसी और एडीसी दोनों छुट्टी पर हैं। जीत के बाद विजयी जुलूस निकाला गया। जबकि रणदीप बेनीवाल ने जोरदार तरीके से किंग मेकर की भूमिका निभाई। रणदीप बेनीवाल परिषद अध्यक्ष पद के पहले चुनाव में भी उपाध्यक्ष पद के दावेदार के रूप में उभरे थे। इधर, 6 मार्च को 17 में से 13 पार्षदों ने भाजपा की ज्योति शर्मा को चेयरपर्सन पद से हटा दिया था। उसके बाद लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा की एक और हार से बचने के लिए चेयरपर्सन का चुनाव नहीं करवाया गया। चेयरपर्सन को पद से हटाने के लिए पार्षदों को हाईकोर्ट भी जाना पड़ा।



पानीपत की प्रथम महिला काजल देशवाल व पार्षद रणदीप बेनीवाल प्रसन्न मुद्रा में।

### पांच हजार का इनामी वांछित आरोपी काबू

**अंबाला।** सीआईए वन ने पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान आदेश कुमार के तौर पर हुई जोकि करनाल की राजीव कॉलोनी का रहने वाला बताया जा रहा है। इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। केंद्रीय कारागार के डॉ. राजीव कुमार ने 5 मई 2021 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 मई 2021 को केंद्रीय कारागार में निरीक्षण के दौरान कैदी बृजपाल, अमृतपाल व कैदी महिला की तलाशी लेने पर उनके पांव की चप्पलों की जोड़ियों से कुल 68 ग्राम 260 मिलिग्राम हेरोइन बरामद हुई थी।

## जैन स्थानक में हर्षोल्लास से मनाई गई मिथुन की सक्रांति

# बादशाहों का बादशाह होता है त्यागी मनुष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

जैन स्थानक में एसएस जैन सभा के तत्वाधान में युगपुरुष उपप्रवर्त्तक सुभाष मुनि जी महाराज और प्रवचन भूषण सुधीर मुनि जी महाराज के सान्निध्य में मिथुन की संक्रान्ति पर्व हर्षोल्लास व श्रद्धापुर्वक मनाया गया। मौके पर विशेष रूप से जिनशासन मुक्तामणि उपप्रवर्तिनी महासाध्वी कैलाशवती की सुशिष्या सेवाभावी महासाध्वी प्रतीक प्रभा महाराज, डॉ. साध्वी यशिका जी महाराज, साध्वी श्री निर्जरा महाराज व डॉ.साध्वी संर्पणा महाराज श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने हेतु मौजूद रही। प्रवचन भूषण सुधीर मुनि महाराज ने कहा कि त्यागी मनुष्य बादशाहों का बादशाह होता है। तभी कहा जाता है कि चाह गई, चिंता मिटी मनुवा बेपरवाह जिसको कछु न चाहिए, वो शाहंशाह। संसार में सदा त्याग को ही प्रतिष्ठा मिली है। भोगियों के पास सब होते हुए भी वे भिखारी का जीवन जीते हैं। जो व्यक्ति अर्थ, स्त्री, मोह- माया की आसक्ति को त्यागता है, वास्तव में वही सच्चा त्यागी वही होता है। संसार में भटकाने वाली आसक्ति होती है। जितनी अनासक्ति की चेतना जागृत होती है, वह उतना ही कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ता है। त्यागी व्यक्ति सब सुख मिलते है। संतों ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। युगपुरुष उपप्रवर्त्तक सुभाष मुनि महाराज ने मिथुन की संक्रान्ति की महत्त्वता बारे श्रद्धालुओं को विस्तार से बताया। जैन सभा प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि शुक्रवार को जैन संत लुधियाना के लिए मुलाना से विहार करेंगे जबकि जैन साध्वियां शुक्रवार से जैन स्थानक में सुबह 8 बजे 9 बजे तक प्रवचन करेंगी।

मौके पर प्रधान अशोक जैन, कोषाध्यक्ष राम मूर्ति जैन,उमेश जैन, प्रवीण जैन, रामकुमार जैन,दर्शन अरोड़ा, प्रवीन अग्रवाल, शंटी जैन, जगमोहन जैन, विजय तायल, भूषण जैन, पुनीत जैन, अभय जैन सहित अन्य कई श्रद्धालु और महिला श्रद्धालु मौजूद रहे।





श्रद्धालुओं को संबोधित करती जैन साध्वियां।

# रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय सेवाओं के लिए डॉ. अशोक वर्मा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वैसे तो खाकी से लोग दूरी बनाकर रखते हैं लेकिन ईश्वर से पहले यदि किसी को याद किया जाता है तो वह खाकी है। विश्व रक्तदाता दिवस पर हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बण्डारू दतात्रेय ने पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। यह कार्यक्रम अंबाला के सनातन धर्म महाविद्यालय में आयोजित हुआ था। रक्तदान के प्रति लग्न और धुन किसी किसी में होती है और वह भी ऐसी की स्वयं पूरा जीवन ही रक्तदान को समर्पित कर दिया हो। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त हैं। अपने कर्तव्यों के साथ साथ वे समाज के प्रति अपने दायित्व को कदापि नहीं भूलते हैं। राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक शतकवीर विजेता, पर्यावरण प्रहरी के नाम से प्रसिद्द पुलिस विभाग के सर्वोच्च रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा वर्ष 1990 से नियमित रक्तदान कर रहे हैं और अब तक स्वयं 168 बार रक्तदान और 81 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा न केवल स्वयं रक्तदान करते हैं अपितु वे रक्तदान शिविर भी आयोजित करते हैं। अब तक 438 रक्त इकाई सरकारी रक्त कोषों को उपलब्ध कराने वाले डॉ. वर्मा उत्तर भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।



कुरुक्षेत्र। डॉ. अशोक कुमार वर्मा को सम्मानित करते राज्यपाल बण्डारू दतात्रेय।

## खबर संक्षेप



### भंडारे के लिए ट्रक को झंडी देकर किया रवाना

**तरावड़ी।** हर साल की भांति ओम शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से शिव बाबा अमरनाथ जी का जम्मू कश्मीर में 29 जून से 19 अगस्त तक 28 वां विशाल भंडारा लगाया जा रहा है। जिसके लिये शुक्रवार को अनाज मंडी कार्यालय से ट्रकों को रवाना करने से पूर्व प्रातः पंडित कृष्णपाल द्वारा कार्यालय परिसर में हवन किया गया। अग्रवाल सभा के प्रधान रमेश गुप्ता, मंडल संरक्षक सुभाष गुप्ता, प्रधान दुर्गेश मित्तल व शहर के गणमान्य लोगों ने भंडारे के ट्रक को झंडी देकर जम्मू कश्मीर बालटाल के लिए रवाना किया।

### दस्तावेज जल्द करवाएं पोर्टल पर अपलोड

**करनाल।** जिला कल्याण अधिकारी कृष्णा भारद्वाज ने बताया कि अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना के अंतर्गत 31 जनवरी तक अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, ब्लॉक- ए व बी तथा सामान्य वर्ग के पात्र छात्रों ने सरल पोर्टल पर छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए थे। जिन छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया हुआ है और अधूरा दस्तावेज अपलोड होने के कारण उनका आवेदन सैण्ड बैंक में है, वो छात्र जल्द-जल्द से अपने अधूरे दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करवाएं अथवा अपने दस्तावेज पूर्ण करवाकर जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय, सैक्टर-12 लघु सचिवालय करनाल में जमा करवाएं अन्यथा कार्यालय द्वारा उन छात्रों का आवेदन पत्र रद्द समझा जाएगा।

### अब 23 को होगा इग्नू का एग्जाम : डा. धर्मपाल

**करनाल।** इंदिरा गाँधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी(इग्नू),के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया पुरे भारत वर्ष में इग्नू की जून 2024 सत्रांत परीक्षाएं अभी चल रही है जो कि 15 जुलाई 2024 तक चलेंगी क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत पुरे हरियाणा में कुल 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए है जहाँ इग्नू की परीक्षाएं सुचारू ढंग से आयोजित की जा रही है लेकिन 18 जून को होने वाली इग्नू की परीक्षाएं स्थगित कर दी है।

## केन्द्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल का करनाल पहुंचने पर जगह-जगह स्वागत

# अब देश में हर जरूरतमंद और गरीब व्यक्ति को सरकार मुहैया करवाएगी मकान : मनोहर लाल

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करनाल लोकसभा के नागरिकों को मान-सम्मान देने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल में दी जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

केन्द्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अब देश में हर जरूरतमंद और गरीब व्यक्ति को सरकार मकान मुहैया करवाएगी। यह सरकार सेवाभाव के रूप में काम करेगी और लोगों की हर छोटी-छोटी दिक्कतों को दूर करेगी। मनोहर लाल शुक्रवार को गांव कोहण्ड, नमस्ते चौक और कर्ण कमल में आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री का घरौंडा के गांव कोहण्ड में पहुंचने पर विधायक हरविन्द्र कल्याण, भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा सहित हजारों कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने स्वागत किया। करनाल के नमस्ते चौक पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, पूर्व सांसद संजय भाटिया, पूर्व विधायक जिले राम शर्मा, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मेयर रेनूबाला गुप्ता ने स्वागत किया।



करनाल। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा गरीबों, जरूरतमंदों और किसानों के हित में फैसले लिए

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा गरीबों, जरूरतमंदों और किसानों के हित में फैसले लिए हैं, इसलिए पहली कलम से ही करोड़ों किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि जमा कराने का काम किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आचार संहिता के हटते ही प्रदेश में करीब साढ़े सात हजार गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट देने का काम किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गांवों में पंचायती जमीन न होने के कारण सरकार द्वारा गरीब लोगों के लिए करीब 3 करोड़ रुपये की राशि की जमीन खरीदी और उन्हें मुफ्त में 100-100 गज के प्लॉट दिये हैं।

### हरियाणा के 3 सांसदों को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह देकर प्रदेश के इतिहास में जोड़ा नया अध्याय

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने करनाल लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करनाल लोकसभा क्षेत्र के लोगों की भावनाओं की कदर करते हुए उन्हें मंत्री मंडल में जगह दी है। इस दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे और लोगों के सेवक बनकर कार्य करेंगे। अब बेशक उनकी भूमिका अलग हुई है, लेकिन उसी सेवाभाव से कार्य करते रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि करनाल के नागरिकों को जो मान-सम्मान दिया और इस मान सम्मान को बनाए रखा जाएगा।

### मनोहर लाल ने हरियाणा की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया : अनुराग सेठी

**करनाल।** युवा मोर्चा के जिला प्रभारी अनुराग सेठी ने दिल्ली स्थित ऊर्जा भवन मे केंद्रीय शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से मुलाक़ात की और पुष्पगुच्छ भेंट कर नए दायित्व के लिए बधाई दी। अनुराग सेठी ने कहा कि आपने हरियाणा की राजनीति को नई दिशा दी है और पिछले लगभग साढ़े 9 वर्ष के कार्यकाल मे हुए विकास कार्यों के कारण हरियाणा की तस्वीर बदली है। सबका साथ सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक की सोच ने पूरे हरियाणा को एक सूत्र मे पिरोने का काम किया हैं। हरियाणा की कई नीतियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहा है और देश के कई राज्यों ने इनका अनुसरण किया है। आपकी कार्यशैली से प्रभावित होकर करनाल संसदीय क्षेत्र के लोगो ने आपको दिल्ली की सरकार मे रहकर पूरे देश के विकास के लिए कार्य करने का मौका दिया है। अनुराग सेठी ने कहा कि करनाल की जनता आपकी सदैव ऋणी रहेगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अनुराग सेठी का धन्यवाद करते हुए कहा कि करनाल व पानीपत की जनता ने जो नई जिम्मेदारी दी है, उसका निर्वहन करते हुए हरियाणा के साथ साथ पूरे देश मे विकास को गति प्रदान करेंगे।

## कांग्रेस ने झूठ बोलकर देश के लोगों को गुमराह किया

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

करनाल लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद व ऊर्जा व शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस के लोगो ने झूठ बोलकर देश के लोगो को गुमराह करने का काम किया है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में संविधान तोड़ने का भ्रामक प्रचार करने का काम किया है। ऊर्जा व शहरी विकास मंत्री बनने के बाद अपने लोकसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर गांव कोहंड के बस स्टैंड पर विधायक हरविंदर कल्याण, नगरपालिका के चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता सहित भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओ को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने का आह्वान करते हुए कहा कि हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ बनानी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में एनडीए की तीसरी बार सरकार बन गईं अब हरियाणा की बारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर पंडित जवाहर लाल वाला रिकॉड तोड़ दिया है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने 100=100गज प्लॉट देने का ढकोसला किया, लेकिन सही मायनो में भाजपा ने प्लॉटो के सभी कागजातों को पूरा कर उनको उनका हक देने का काम किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गरीब लोगों को सौ सौ गज के प्लाट देने की घोषणा की और गरीबों को सौ सौ गज के प्लॉट दिए जाएंगे। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए पूरे प्रदेश में एक सामान विकास कार्य करवाए है और उनके केंद्र में मंत्री बनने से प्रदेश और ऊंचाइयों तक जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश कश्यप, चेयरमैन निर्मला बैरागी, अशोक मित्तल, पुरषोत्तम फौजी, केमपाल रावल, मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप, नरेंद्र प्रजापत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रामकथा से पूर्व निकाली शोभायात्रा

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा इंद्री में श्री रामकथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

रामलीला ग्राउंड इंद्री मे दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा पांच दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा से पहले इंद्री में एक शोभायात्रा निकाली गई जो रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर वापिस रामलीला ग्राउंड में पहुंची । दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी गुरु ज्ञानानंद जी ने बताया कि इंद्री में श्री आशुतोष महाराज जी के सानिध्य में साध्वी शिष्य कथा व्यास दिवेशा भारती जी के द्वारा 15 जून से लेकर के 19 जून तक श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा का मुख्य उद्देश्य है कि आम जनमानस के विचार शुद्ध हो तथा श्री राम जी के चरित्र को अपने जीवन में धारण करते हुए अपने जीवन को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि इस राम कथा में श्री राम का जन्म व उनकी लीलाएं दोनों दिव्या हैं श्री राम अनादि हैं। जो सृष्टि के प्रत्येक कण-कण में रमन कर रहे हैं। जो प्रत्येक जीव के प्राणधार हैं, ऐसे महान श्री राम को कैसे जाना जाए कथा के माध्यम से इसका रहस्य उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने अपील की कि अधिक संख्या में पहुंचकर साध्वी दिवेशा भारती की ओजस्वी वाणी से श्री राम कथा अमृत पान का लाभ उठाएं।


इंद्री। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा निकाली गई शोभायात्रा।

### एमएचयू में योग शिविर व विचार गोष्ठी संपन्न

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बागवानी महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण कार्यशाला एवं विचार गोष्ठी का समापन हुआ। एमएचयू के अनुसंधान निदेशक व बागवानी महाविद्यालय के डीन प्रो. रमेश गोयल ने बताया कि एमएचयू के कुलपति डा. मल्होत्रा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में योग शिविर व विचार गोष्ठी का आयोजन करवाया गया। सभी को योग को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी हरियाणा योग आयोग डा. अमित पुंज ने बताया कि योग साधकों ने अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकोल के तहत प्रार्थना के साथ शिविर शुरू किया गया।

## शिविर में होगा समस्याओं का समाधान

- नगर पालिका तरावड़ी में 22 जून तक लगाया जाएगा कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

हरियाणा सरकार द्वारा लोगों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका तरावड़ी में 14 जून से 22 जून तक कैंप लगाया गया है। जिसमें वार्ड के सभी लोगो का काम किया जाएगा। जिसमें पेंशन लगवाना, बुढापा सम्मान भत्ता, बच्चों के नाम ठीक करना, फैमिली आईडी में मोबाइल नः ठीक करवाना, फैमिली आईडी में अपनी उम्र ठीक करवाना और जिन नागरिकों की उम्र 60 वर्ष हो चुकी है उनकी पेंशन के लिए आवेदन करना का कार्य शुरू हो चुका है। आज इस कड़ी में नगर पालिका में समाधान शिविर के पहले दिन लगभग 25 लोग शिकायत निवारण के लिये पहुंचे। शिविर में ज्यादातर शिकायतें फैमिली आईडी की थी जिनका मौके पर हल कर दिया था और इनमें से दो लोगों की नई पेंशन शुरू करवाई इसके अलावा परिवार पहचान पत्र में जो त्रुटि थी वह भी ठीक की गई है। शिविर में समाधान करते हुए कर्मचारी राहुल ने बताया की ज्यादातर लोग फैमिली आईडी अलग बनवाने के लिए पहुंच रहे हैं जबकि अभी इस को अलग करने का प्रावधान सरकार की ओर से नहीं किया गया।


तरावड़ी। समाधान शिविर में लोग अपनी त्रुटियों का समाधान करवाते हुये।

## डाटा अपडेशन के लिए शिविर 22 तक

- 71 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 57 का मौके पर ही समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

एसडीएम अशोक कुमार की अध्यक्षता में नागरिक संसाधन सूचना विभाग द्वारा परिवार पहचान पत्र डाटा वेरिफिकेशन व अपडेशन के लिए शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों शिविरों में परिवार पहचान पत्र की लगभग 71 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 57 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया है तथा शेष शिकायतों का समाधान भी शीघ्र कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में तथा शहरी क्षेत्र के लिए शिविर एसडीएम कार्यालय में लगाया गया। यह शिविर 22 जून 2024 तक लगाए जायेगे। उन्होंने बताया कि शिविर में आमजन जन्म तिथि की वेरिफिकेशन, नेम डेमो-ओथेंटिक वेरिफिकेशन, वैवाहिक स्थिति सत्यापन, फैमिली स्ट्रक्चर अनवाटिड व अनटैग वेरिफिकेशन, व्यवसाय, बैंक अकाउंट, जाति वेरिफिकेशन, फैमिली आईडी करेक्शन का कार्य किया जायेगा।


इंद्री। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में लगे शिविर में शिकायतें लेकर पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

## पक्षियों के लिए आवासीय मीनारों का निर्माण शुरू

- वाहन पार्किंग स्थल में दो मिनारों में बनाया जा रहा श्री आत्म मनोहर पीयूष पक्षी निलयम

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

दानवीर कर्ण की नगरी करनाल की शोभा में बढ़ोतरी करने वाला जीवदया की मिसाल रूप एक विशेष कार्य पक्षियों की आवास व्यवस्था वाले दो मीनारों का निर्माण श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर के इंद्री रोड स्थित वाहन पार्किंग स्थल में श्री आत्म मनोहर पीयूष पक्षी निलयम के रूप में प्रारंभ हो गया है। जमीन के अंदर फाउंडेशन तथा आरसीसी फुटिंग का काम पूरा कर ऊपर पिल्लर भराई चल रही है। जमीन से 12 फुट ऊंचाई तक पिल्लर भरने के बाद लैंटर की स्लैब डालकर मोरबी (गुजरात) से आने वाले प्री कास्ट मैटिरियल से 60 फुट ऊंचे गोलाकार लगभग अढ़ाई हजार पक्षियों के लिए दो सुविधाजनक एवं सुरक्षित आवासीय मीनार अगस्त महीने के अंत तक तैयार कर दिए जाएंगे और संस्थान के संस्थापक राष्ट्र संत वाचनाचार्य एल मनोहर मुनि जी महाराज के जन्म दिवस 1 सितंबर पर इन्हें पक्षियों के आवास हेतु प्रारंभ कर दिया जाएगा। पीने योग्य फिल्टर वाले जल से युक्त जलघर के साथ दाने (सर्दी-गर्मी में मौसम के अनुसार) की भी व्यवस्था दानी सज्जनों के उदारतापूर्ण योगदान से रहेगी।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहसरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल जी तथा भारत संत गौरव उपप्रवर्तक पीयूष मुनि के उपस्थिति में यह सेवा कार्य फरवरी में शिलान्यास कर प्रारंभ किया गया था परंतु विशेषज्ञ प्रशिक्षित कारीगरों के गुजरात से आने पर अभी काम शुरू हो पाया है।

श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल फाउंडेशन कोर कमेटी के सदस्यों अनिल गर्ग अरोमा, राजन जैन, दीपक गोयल, अनिल जैन टिंबर, अजय गोयल, अश्विनी जैन, सुशील जैन आदि मौजूद रहे।



### पांचवी तक के बच्चे होंगे संख्यात्मक ज्ञान में निपुण : विपिन कुमार

**करनाल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में निपुण प्रशिक्षण कार्यशाला के तीसरे दिन खंड निसिंग के बीईओ डा. राममूर्ति व खंड इंद्री की बीईओ अंजू सरदाना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हो रही शिक्षण गतिविधियों को जांचा। जिला निपुण कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार ने गणित विषय को कैसे सरल व रुचिकर बनाया जा सकता है इसके बारे में विभिन्न शिक्षण गतिविधियों के बारे में अध्यापकों को विस्तार से बताया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने अध्यापकों को कहा कि अध्यापक बच्चों से स्वयं करके सीखने वाली गतिविधियों का प्रयोग करके शिक्षण कार्य को प्रभावी बनाएं।

## मानवीय जीवन बचाने के लिए रक्तदान के प्रति निभाएं अपनी जिम्मेदारी : कृष्ण

# रक्तदान करने से नहीं आती शरीर में कोई कमजोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

विश्व रक्तदाता दिवस पर सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा ब्रह्मकुमारी सेक्टर-7 के साथ मिलकर व हरियाणा रोडवेज ड्राइविंग स्कूल के सहयोग से विशेष आयोजन साईं मंदिर के पास ब्रह्माकुमारी संस्थान में किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस समारोह व इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में करनाल के सिविल सर्जन कृष्ण कुमार व नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि ब्रह्माकुमारी संस्थान सेक्टर सात की इंचार्ज बी.के प्रेम दीदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

सिविल सर्जन कृष्ण कुमार ने रक्तदान से जुड़ी सभी भ्रांतियों को फेक बताया और कहा कि रक्त दान से कोई कमजोरी नहीं आती। अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने रक्त दान के महत्व पर प्रकाश डाला।



### 27 हस्तियों को गार्जियन ऑफ लाइफ अवार्ड

शिविर में निरन्तर रक्तदान करने, रक्त दान शिविर लगाने व रक्त दान को प्रोत्साहित करने के लिए डॉ संजय वर्मा, रामा मदान, लक्ष्य जनहित सोसायटी, कपिल किशोर, विनीत खेडा, डॉ अशोक वर्मा, दिनेश बख्शी, सतीश पंचाल, विकास सुखीजा, दिनेश गौकर्ण, अरुण मेहता, संदीप सचदेवा, पंकज गाबा, एम सी धीमान, अशोक कुमार, राजपाल को इस विशेष अवार्ड से सम्मानित किया गया। महिला रक्तदाताओं में से डा. मीनाक्षी, सुमन अरोड़ा, सुदेश अरोड़ा, सुनीता मोंगिया व बिंदु को भी सम्मानित किया गया।

### 2004 में सम्मानित करने की शुरुआत

निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि वर्ष 2004 में पहली बार वल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस फेडरेशन, रेड क्रिसेंट सोसायटी व रक्त दाताओं की अंतरराष्ट्रीय फेडरेशन के साथ मिलकर रक्त दाताओं को सम्मान देते हुए इस दिवस की शुरुआत की गई। विश्व रक्त दाता दिवस को मनाने के लिए रक्त ग्रुप की खोज करने वाले नोबल पुरस्कार विजेता डॉ कार्ल लैंडस्टीनर के जन्म दिन को चुना गया। विश्व रक्त दाता दिवस के अवसर पर आज करनाल जिला के शतक वीर रक्त दाताओं, लगातार रक्त

### लड़कियों ने भी लिया बढ़-चढ़कर भाग

निफा संयोजक एडवोकेट नरेश बराना ने बताया कि आज के शिविर में कुल 86 यूनिट रक्त सिविल अस्पताल करनाल के ब्लड बैंक की टीम द्वारा एकत्रित किया गया। इनमे लड़कियां भी शामिल रहीं। आज शिविर में रक्त दान करने वाले युवा रक्त दाताओं को भी विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के सफल प्रबंधन में बी.के रितेश कुमार, बीके बहनों के साथ साथ निफा के जिला सचिव हितेश गुप्ता, उप प्रधान अरविंद संधु का योगदान रहा।

## योग परमात्मा से जुड़ने और खुद को पहचानने की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

शिक्षा विभाग की डीपीसी उर्वशी विग ने कहा कि योग का अर्थ है जुडऩा। यानी दो तत्वों का मिलन योग कहलाता है। योग की पूर्णता इसी में है कि जीव भाव में पड़ा मनुष्य परमात्मा से जुडकऱ अपने निजी आत्म स्वरूप में स्थापित हो जाए। योग करना मतलब एकजुट करना या एकत्रित करना। वह शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के प्रांगण में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन अधिकारियों, कर्मचारियों, योग साधकों व आमजन को संबोधित कर रहे थे। डीपीसी ने कहा कि योग में आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से हम मन, श्वास और शरीर के विभिन्न अंगों में सामंजस्य बनाना सीखते हैं। यदि आपको लगता है कि योग का मतलब है अपने शरीर को अंतरंग तरीके से मोडऩा, तो फिर समय आ गया है कि आप अपनी सोच पर एक बार गहनता से पूर्ण विचार करें। योग सिर्फ आसनों तक सीमित नहीं है बल्कि इससे कहीं अधिक है। सीधे- सीधे शब्दों में कहा जाए तो यह अपने मन, शरीर और श्वास की देखभाल करना है। योग सबसे पहले बाहरी शरीर को लाभ पहुंचाता है, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक व्यावहारिक और परिचित शुरुआत जगह है।

## खबर संक्षेप

### अग्रसेन स्कूल का कुश्ती व बास्केटबॉल में चयन

**कुरुक्षेत्र।** अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हरियाणा खेल नर्सरी योजना के अंतर्गत बास्केटबॉल और कुश्ती खेल के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।। बास्केटबॉल नर्सरी केवल लड़कों के लिए और कुश्ती लड़के और लड़कियों दोनों के लिए होगी, जिसमें 8 से 14 आयु वर्ग के छात्रों को 1500 रुपए और 15 से 19 आयु वर्ग के छात्रों को 2000 रुपए प्रति मासिक छात्रवृत्ति हरियाणा सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।। छात्रों को खेल के दायरे में अपनी शक्ति और क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। चयनित प्रतिभागियों को प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### नशा ना करने की दिलाई शपथ

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशानिर्देशों, पुलिस उप महानिरीक्षक सिमरदीप सिंह के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री नीतिका गहलोत भापुसे एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### कुवि में दो दिवसीय संगोष्ठी आज

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र तथा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 16 जून तक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सीनेट हॉल में किया जाएगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि महर्षि वाल्मीकिः उनकी राम कथा और वाल्मीकि समाज विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में 15 जून को प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि होंगे तथा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला एवं हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष, प्रोफेसर कुलदीप चन्द अग्निहोत्री अध्यक्षता करेंगे। अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो. गोपाल प्रसाद ने बताया कि केन्द्र के सह-निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह कार्यशाला के संयोजक होंगे।

### हरियाणा में तीसरी बार भी भाजपा सरकार : मनोहर

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का पानीपत में जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

भारत के ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल का पानीपत के गांव सिवाह समेत अन्य स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पूर्व सांसद संजय भाटिया, हरियाणा के विकास एवं पंचायत और सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा, आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य और गांव सिवाह की महिला सरपंच सुनीता कादियान, खुशदिल कादियान, देव मलिक, बलविंद्र आर्य तथा पांच गांवों के सरपंचों और गणमान्य व्यक्तियों ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया। इसके बाद पानीपत शहरी और इसराना विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भी केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया।

यहां भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष महावीर दहिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, पूर्व सांसद संजय भाटिया, भाजपा वरिष्ठ नेता गजेंद्र सलूजा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। गांव सिवाह में बड़ी संख्या में जनता की मौजूदगी देख गदगद हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने गत साढ़े नौ वर्षों तक बिना किसी भेदभाव के अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए पूरी ईमानदारी और सुशासन के सिद्धांत पर हरियाणा के लोगों की सेवा की है, जनता को फाइलें उठाकर सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए ऑनलाइन सिस्टम सरल हरियाणा के माध्यम से सभी सरकारी योजनाओं को ऑनलाइन किया। जिसके तहत योजनाओं का लाभ सीधे जनता के खाते में आने लगा। लोकसभा चुनाव में पानीपत और करनाल जिला से मिली रिकॉर्ड जीत के बाद उन्हें केंद्र में ऊर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है, अब वह केंद्र में रहकर देश के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के लोगों की भी पूरे दिल से सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि गत लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने लोगों के बीच झूठ फैलाकर जनता को भ्रमित किया कि भाजपा की अगली सरकार संविधान और आरक्षण को समाप्त कर देगी। वही, कोई भी पार्टी देश के संविधान को खत्म नहीं कर सकती संविधान भारत की आत्मा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ ग्रहण करते समय संविधान को अपने मस्तक पर लगाकर नमन किया। उन्होंने कहा कि गत लोकसभा चुनाव में पार्टी को सफलता के साथ-साथ सबक भी मिला और आगामी चुनाव को जीतने के लिए चुनौतियां स्वीकार करने का अवसर भी मिला है। उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता से भारत की वैश्विक मंच पर स्थिति बहुत ही मजबूत हो गई है। विश्व के बड़े देश भी अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सलाह मशवरा करके ही निर्णय लेते हैं। इसका ताजा उदाहरण इटली का जी-7 शिखर सम्मेलन है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में शीघ्र ही विधानसभा के चुनाव होंगे और लोगों को इन चुनाव में किसी के बहकावे में न आकर अपनी आत्मा की आवाज पर मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता हटने के बाद अब हरियाणा की सरकार फुल फॉर्म में आ गई है और सभी अधिकारियों को आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिदिन अपने कार्यालय में प्रातः 11 बजे तक आम जनता की समस्याओं समझें और उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता राजनीति में जागरूक है और भविष्य में वह भारतीय जनता पार्टी को पूरे बहुमत से पुनः हरियाणा में सरकार बनाने का अवसर प्रदान करेगी। इधर, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को गांव सोधापुर के कक्षा 7 के 13 वर्षीय छात्र मनोहर ने हाथ से बनी पेंटिंग भेंट की।



पानीपत। गांव सिवाह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते हुए आर्य रणदीप कादियान। फोटो :हरिभूमि

- लोकसभा चुनाव में पानीपत और करनाल जिला से मिली रिकॉर्ड जीत



पानीपत। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

# हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बननी तयः सचिन

- कांग्रेस नेता सचिन कुंडू का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को इस बार करनाल लोकसभा चुनाव में पिछले चार चुनावों की बजाये मत प्रतिशत के हिसाब से सर्वाधिक 37.61 प्रतिशत वोट मिले हैं और 2019 के करनाल लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच जीत का अंतर भी घटकर करीब एक तिहाई रह गया है।

पानीपत ग्रामीण हलके में भी कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को इस बार 61252 वोट मिले हैं। विधानसभा चुनाव में इस बार पानीपत ग्रामीण हलके से निश्चित रूप से कांग्रेस प्रत्याशी की भारी मार्जिन से जीत तय है। सचिन कुंडू अपने धन्यवादी दौरे के दौरान शुक्रवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव गांजबड, बडौली व आसन में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। तीनों गांव में कांग्रेस नेता सचिन कुंडू का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत करवाते हुए कहा कि कांग्रेस में ही हर वर्ग के हित सुरक्षित है। इस बार प्रदेश की जनता ने प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। इस अवसर पर ब्लाक समिति के पूर्व चेयरमैन रमेश मलिक, दीपक खटखड, सतपाल रोड़, धीरा सिंह, रणदीप सिंह सोनु, बलकार, सुनील, राममेहर ठेकेदार, रामेश्वर, राकेश मेंबर व जीता बडौली आदि मौजूद रहे।

### पिहोवा में निःशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर 16 जून को

**पिहोवा।** कबीर आयुर्वेदिक औषधालय द्वारा सीता देवी सेवा सदन ट्रस्ट के सहयोग से पिहोवा में कैथल रोड पर स्थित सीता देवी सेवा सदन परिसर में 16 जून रविवार को एक निशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए वैध ओम प्रकाश ने बताया कि शिविर में शरीर के प्रकार, दोष एवं स्वास्थ्य जांच केवल नाड़ी परीक्षण द्वारा की जाएगी।

# शिविर में 55 लोगों ने किया रक्तदान

- शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाली महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

वक्त दे रक्त दे रक्तदान सेवा सोसायटी के सौजन्य से रेड ड्रॉप हैदराबादी बल्ड बैंक में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिवर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि एसडीएम मनदीप सिंह, विशिष्ठ अतिथि डॉ. वीरेंद्र ढांडा और सविता आर्या रहे। शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाली महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं एसडीएम मनदीप सिंह ने कहा कि रक्त एक ऐसा तत्व है। जिसको हम लैब में नहीं बना सकते। इसलिए रक्त दान को महादान कहा गया है। इस अवसर पर 55 सम्मानित होने वाले रक्त वीरों ने रक्त दान भी किया। डॉ.मयंक छोकर ने भी रक्तदान किया। ममता लांबा, नीता रानी, ख्याति, संजय ठाकुर, अमित, कृष्ण, रक्तवीर कश्य, सन्नी कश्यप, अमित, सुमित मिगलानी, शुभम, पायल, सरोज, वीरेंद्र अत्री, सुनील, सोनम खुराना पत्नी भूपेन्द्र खुराना दोनों ने एकसाथ रक्तदान किया।



पानीपत। रक्तदाओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

# अधिकारी स्वयं को जनता का सेवक समझें : डॉ दहिया

- समाधान शिविर में एसपी के निर्देश पर आरोपियों पर केस दर्ज किया, 174 समस्याओं की सुनवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए जा रहे समाधान शिविर के प्रति आम व्यक्ति का विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है। शिविर में शिकायतें लेकर पहुंचने वाले शिकायत कर्ता शिविर के प्रारंभ होने से पहले ही निर्धारित स्थान पर पहुंच जाते है। शिकायत कर्ता का निर्धारित स्थान पर पहुंचने का यह सिलसिला 9 बजे से 11 बजे तक बदस्तूर जारी रहता है। शुक्रवार को समाधान शिविर में अन्य दिनों की बजाय शिकायत लेकर पहुंचे लोगों की संख्या ज्यादा नजर आयी। महिलाएं व वृद्ध भी अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंच रहे है। समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया व विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सौ प्रतिशत उपस्थिति यह बताती है कि प्रशासन हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। 10 जून प्रारंभ हुई सरकार की समाधान शिविर की यह पहल पांचवे दिन और भी विस्तार में नजर आई। समस्याओं का समाधान कराने के लिए शिविर में पहुंच रहे लोगों को पूरी तरह अपने कार्य के पूर्ण होने का भरोसा दिखाई देता है। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि शुक्रवार को शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 174 शिकायतें उपलब्ध हुई। इनमें 96 शिकायतें परिवार पहचान पत्र से संबंधित रही व 13 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थी। प्रोपर्टी आईडी से संबंधित भी 13 शिकायतें समाधान शिविर में विभिन्न शिकायत कर्ता द्वारा रखी गई। 5 शिकायतें बिजली विभाग से जुड़ी हुई उपलब्ध हुई। समाधान शिविर में 47 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुई। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि वे किसी भी तरह से भ्रष्टाचार को पसन्द नहीं करते। अगर भ्रष्टाचार से संबंधित कोई सूचना मिलती है तो फौरन उस पर कार्यवाही करते है। उन्होंने अपना निजी नम्बर भी समस्याओं के समाधान को लेकर सर्वाजनिक किया हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को भी चेताया कि वे अपनी ड्यूटी में किसी भी तरह की कोताही न बरते। उन्होंने इस शिविर में शिकायतों को लेकर पहुंच रहे आम व्यक्ति का सहयोग करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिकारी व कर्मचारी उपायुक्त के दिशानिर्देश पर शिविरों में रूचि लेकर लोगों की समस्याओं को सुनते है व शिददत पूर्वक उस पर कार्यवाही करते है। जिला सचिवालय में पांचवे दिन लगे समाधान शिविर में लोगों की लम्बी कतारें प्रशासन की कार्य प्रणाली पर पूरा विश्वास व्यक्त कर रही है।



पानीपत। रक्तदान शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते हुए विनोद वत्स आदि।

# रक्त की एक बूंद किसी को जीवन दान दे सकती है : वत्स

- हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स हरियाणा के राज्य सचिव नवीन जयहिंद, राज्य कोषाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, राकेश बूरा डीईओ के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में विश्व रक्तदान दिवस पर छाजपुर कलां के विनय पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक चरण सिंह रावल ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। रक्त की एक बूंद किसी के जीवन को जीवन दान दे सकती है। जिला सचिव विनोद वत्स ने बताया कि सामान्य अस्पताल पानीपत से अनुमति लेकर अरोमा ब्लड सेंटर के स्टाफ सदस्यों राजेश कुमार, शशि चंद्र, प्राची स्टाफ नर्स, संदीप एवं राहुल की टीम ने 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया। कार्यकारिणी सदस्यों जगदीश चहल, दीपक कपूर, कुलदीप कुमार, राम मेहर शास्त्री ने सहयोग दिया।

# 22 अवैध कॉलोनियों को अप्रूव करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को एसडीएम की मार्फत ज्ञापन भिजवा कर समालखा नगरपालिका को भंग करके नगर परिषद बनाने व सभी 22 अवैध कालोनियों को अप्रूव करने की मांग की है। वहीं मोर्चा ने मांग पूरी न होने पर हाई कोर्ट जाने की चेतावनी भी दी है। संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट का.पीपी कपूर की अगुवाई में मोर्चा प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अमित कुमार को सीएम के नाम लिखित मांग पत्र सौंप कर नगरपालिका भंग करके नगर परिषद बनाने, एसडीएम को पालिका एडमिनिस्ट्रेटर का चार्ज देने व सभी 22 अवैध कालोनियों को स्वीकृत कराने का केस सरकार को भिजवाने की मांग की है। पीपी कपूर ने बताया कि अब पालिका सीमा विस्तार होने से समालखा की आबादी बढ़ कर 65000 से ज्यादा हो चुकी है। जबकि 50 हजार की आबादी होने पर नगरपालिका भंग करके नगर परिषद बनाये जाने का नियम है। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में पीपी कपूर, एडवोकेट दयानंद पँवार, अनिल पांचाल, विजेंद्र धीमान, एडवोकेट अरविन्द कुमारी, एडवोकेट विनय, एडवोकेट संजय सरोहा, मा.सतबीर, मुंशी प्रेमचंद व सुमित गाहल्याण आदि शामिल रहे।




पानीपत। समालखा एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे पीपी कपूर व उनके सहयोगी।

### नप बनने पर शहर वासियों को ये होंगे लाभ

शहर की नई वार्ड बंदी होगी, करीब 22 कालोनियों के वासी वोट डाल कर अपने नगर पार्षद चुन सकेंगे, विकास कार्यों के लिए सरकार से ज्यादा ग्रांट राशि मिलेगी, सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ेगी, नगर परिषद कार्यालय में कर्मचारियों की वृद्धि होगी,पालिका सचिव की जगह कार्यकारी अधिकारी ईओ व उप पालिका आयुक्त जैसे सक्षम अधिकारी नियुक्त होंगे। अविकसित कॉलोनियों में पेयजल, सीवर पाइप लाइन, सफाई व्यवस्था, पक्की सडकों, नालियों जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी।

### उद्यमिता विकास कार्यक्रम हुआ

**पानीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नीसबयूड द्वारा उद्यमिता विकास पर 92 छात्रों को 15 दिन का प्रशिक्षण दिया गया है। इस कार्यक्रम में नीसबयूड के स्टेट हेड लक्ष्मी प्रसाद भट्ट ने बच्चों को स्वयं रोजगार करने के लिए प्रेरित किया तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्कीम्स के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान में चल रहे लगभग सभी व्यवसाय जैसे मशीनिस्ट, फीटर, इलेक्ट्रीशियन टूल एंड डाई मेकर वेल्डर इत्यादि के छात्रों ने बढ़ चढकर भाग लिया। 15 दिनों की ट्रेनिंग पूर्ण होने पर आज संपन्न समारोह का आयोजन किया गया।

### पेट्रोल पंप पर पौधे रोपे

**पानीपत।** नायरा एनर्जी लिमिटेड के अंसध रोड स्थित ढुआ फिलिंग स्टेशन में शुक्रवार को कंपनी के कार्यकारिणी सदस्य अनिल ढुआ, पंकज ढुआ व संजल ढुआ द्वारा पौधरोपण किया गया। वहीं निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लगाया गया। जिसमें आस-पास के क्षेत्र वासियों ने अपने स्वास्थय की जांच कराई। इस अवसर पर नायरा एनर्जी के जोनल हैड संजय लूथरा, डिविजनल मैनेजर मनीष सिंह, टेरिटरी मैनेजर वरूण पाहवा, नितिन शर्मा, मनोज धवन, देवेंद्र खन्ना, स.बलजीत सिंह, अशोक बठला, कुलदीप व साहिल मेहता आदि मौजूद रहे।

# इसराना में बस अड्डा बनने का रास्ता हुआ साफ

- जीएम रोडवेज ने बीबीएमबी को बड़ी लाइन बदलने का लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

इसराना में नये बस अड्डे का निमार्ण सरकार ओर प्रशासन के गले की फांस बनी हुई थी। इसराना में पुराना बस अड्डा चालू करवाने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम में शिकायत दी थी। इसके समाधान के लिए पूर्व परिवहन मंत्री एवं राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने रोडवेज जीएम कुलदीप जांगड़ा के साथ निरीक्षण किया था। जिसमें पुलिस विभाग से थोड़ी सी जमीन मांगी थी पर डीएसपी कृष्ण कुमार ने जमीन कम होने के चलते मना कर दिया था। इसके बाद सरकार ओर प्रशासन ने ग्राम पंचायत से नये बस अड्डे के लिए जगह की मांग की। कई जगहों को देखा गया तथा आखिरकार हाईवे के ऊपर पलडी रोड पर विश्वकर्मा मंदिर के पास विश्वकर्मा कालोनी के पास नया बस अड्डा बनाना तय हुआ है। हालांकि जिस जगह पर बस अड्डा बनना है उस जगह के ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही है। जिसको हटवाना जरूरी है तथा इसके लिए विभाग से पत्राचार किया गया है। वही, जीएम कुलदीप जांगडा ने बताया कि इसराना में नये बस अड्डे का निमार्ण कार्य जल्दी शुरू हो जायेगा। बड़ी लाइन स्विफ्ट करने के लिए बीबीएमबी को पत्र लिखा गया है। लाईन सफ्टि होते ही काम शुरू होगा।

### मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

- देश में अपने विद्यालय व माता पिता का नाम रोशन किया

**पानीपत।** एसडीवीएम हुडा के विद्यार्थियों मनीष और कुणाल कुशवाहा ने जेईई एडवांस क्वालीफाई कर पूरे देश में अपने विद्यालय व माता पिता का नाम रोशन किया है। मनीष ने एआईआर 526 और कुणाल कुशवाहा ने एआईआर 3645 प्राप्त किया है। इन विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित कॉलेजों में दाखिला मिलेगा। इन मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन सतीश चंद्रा, वाइस चेयरमैन विकास गर्ग, सेक्रेटरी तुलसी सिंगला, ऑडिटर संजय सिंगला एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अनु गुप्ता ने उन्हें बधाई दी।

### महीपाल ढांडा ने विद्यालय के प्रागंण में पौधरोपण किया

# पर्यावरण संरक्षण में विद्यार्थी निभा सकते हैं बड़ी भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में पर्यावरण मास मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और मुख्य अतिथि विकास, पंचायत व सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं महीपाल ढांडा ने विद्यालय के प्रागंण में पौधरोपण किया। दसवीं सफायर की छात्रा गुणी ने वृक्ष लगाओ और पर्यावरण बचाओ शीर्षक कविता के माध्यम से वृक्ष लगाने का संदेश दिया। छात्रा रिया हुरिया ने एक सोच है जागी नृत्य के माध्यम से, छात्रा किस्मत ने मत काटो मुझे दुखता है गीत के माध्यम से पेड़ न काटने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि पर्यावरण के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जबकि हम सब अपने आस-पास देख रहे हैं कि बड़े-बड़े शहरों में आधुनिक जीवन की आपाधापी ने लोगों के पास हंसने मुस्कराने का समय भी नहीं छोडा है। कारण एक ही है कि हमने प्रकृति का शोषण किया है। हमें इसे पूरी तरह बन्द करना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए के सभी को जागरूक होना होगा। इस काम में विद्यार्थी बहुत बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें अपने परिजनों व पड़ोसियों को जागरूक करना होगा कि वातावरण की शुद्धि के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने मुख्य अतिथि, गणमान्य लोगों एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन ग्यारहवीं की छात्रा पलक आनंद द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय तोमर, डीएसपी सतीश वत्स, भीम सचदेवा, पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सविता आर्य, उप प्रधानाचार्य नीलम वत्स समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



पानीपत। डीएसपीएस के पर्यावरण मास कार्यक्रम में शिकरत करते हुए मंत्री महीपाल ढांडा, प्राचार्य डॉ. विनीता तोमर, संजय तोमर आदि। फोटो : हरिभूमि

### गांवों में योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी

**पानीपत।** हरियाणा योग आयोग व आयुष महानिदेशक हरियाणा के निदेर्शानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जिले में जोर शोर से चल रही है। आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.संजय राजपाल के निदेर्शानुसार विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक ब्लॉक में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर नोडल अधिकारी की देखरेख में चलाया जा रहा है। जिनमें योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के खंड मतलौडा में श्री राम गार्डन में भी योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। जिसका आज दूसरा दिन था। प्रशिक्षण शिविर की नोडल अधिकारी डॉ.रेखा चोपड़ा की देखरेख में चल रहा है। डॉ.संजय राजपाल ने बताया की 18 जून के मध्य जिले के सभी गांव में योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें जिले की सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर फार्मासिस्ट दीपक, विक्रांत, योग शिक्षक प्रवीण, प्रदीप, रामपाल, रविन्द्रए व कुलदीप नरवाल उपस्थित रहे।

**न्यायलय श्री अस्तित्व पराशर माननीय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार पानीपत**

सरकार बनाम जनरल पब्लिक

**अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन ऐक्ट के तहत वसीयतनामा पजीकृत करने बारे नोटिस**

आम व खास को सूचित किया जाता है कि 1. जगन नाथ चावला पुत्र श्री रोशल लाल - 2. सुभाष चन्द्र चावला पुत्र श्री रोशन लाल पुत्र श्री उद्यो दास निवासीगण मकान नं. 95/15, गीता कालोनी यूको बैंक वाली गली पानीपत ने एक दरखास्त धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत तहरीर शुदा वसीयतनामा दिनांक 13.12.1995 जो प्रार्थी के पिता स्व. श्री रोशन लाल पुत्र श्री उद्यो दास की तरफ से लिखा हुआ है को पंजीकृत करवाने के लिए मेरे/निम्न हस्ताक्षरी के समक्ष पेश किया है। प्रार्थी के पिता स्व. श्री रोशन लाल पुत्र श्री उद्यो दास की दिनांक 12.04.1996 को मृत्य हो चुकी है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किय गया है। उक्त तहरीर शुदा वसीयतनामा दिनांक 13.12.1995 के माध्यम से मृतक स्व. श्री रोशन लाल पुत्र श्री उद्यो दास ने अपनी वसीयत के तहत अपनी चल अचल सम्पति अपने पुत्र 1. जगन नाथ चावला पुत्र श्री रोशन लाल - 2. सुभाष चन्द्र चावला पुत्र श्री रोशन लाल पुत्र श्री उद्यो दास के नाम की है इसलिए अब इस नोटिस मे माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस वसीयतनामा के पंजीकरण होने मे कोई अपत्ति हो तो वह अपनी अपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर-अन्दर कार्य वाले दिन, खुद या किसी भी अधिवक्ता के माध्यम से पेश होकर आपत्ति व्यक्त कर सकता है वरना उक्त तहरीर शुदा वसीयतनाम के 13.12.1995 बिना एतराज पंजीकृत कर दिया जाएगा।

यह नोटिस आज दिनांक 13/6/24 को इस कार्यालय से जारी किया गया है।

**हस्ता/- सब रजिस्ट्रार पानीपत**

## खबर संक्षेप

### 12 बोतल शराब सहित दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुलाब सिंह व आरोपी पवन कुमार को 12 बोतल शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करते हैं। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपियों को काबू किया। अब आरोपियों के कब्जे से पुलिस को बारह बोतल शराब मिली है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### धमकी देने के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी परवीर उर्फ पीरू को गिरफ्तार किया है। गांव टुंडली के बलकार सिंह ने 30 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि ट्रांसपोर्ट सरदार कैरियर बीसी बाजार में आरोपी परवीर उर्फ पीरू व अन्य ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### तीन आरोपियों को किया शामिल जांच

**अंबाला।** महिला पुलिस थाना अंबाला में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी अरूण, जयप्रकाश व आरोपी महिला को शामिल जांच किया है। पीड़ति महिला ने 13 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 नवंबर 2020 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमार ने दौराने पूछताछ बतलाया कि महिला भी संलिप्त है। मिल्क शेखां गांव के संजीव कुमार ने 17 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 जुलाई 2023 को आरोपी राजेश कुमार व अन्य ने उससे पैसो की धोखाधडी करके एक बड़ी रकम हड़पने का अपराधिक कार्य किया है।

### पति ने पत्नी पर किया जानलेवा हमला

**जींद।** रामनगर नरवाना में पति ने पत्नी पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। बचाव में शोर मचाए जाने पर परिजनों ने आरोपित को पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाप व बेटे पर हमला करने पर दो नामजद

**जींद।** गांव बहादुरपुर में घर में घुस बाप व बेटे पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बहादुरपुर निवासी गुरप्रीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही दिलबाग से रंजिश चली आ रही

राज्यपाल बोले रक्तदान के क्षेत्र में रेडक्रॉस निभा रहा है अहम भूमिका

# 22 जिलों में 38 रक्तदान शिविर आयोजित एक हजार से ज्यादा यूनिट खून एकत्रित

### राज्यपाल बोले, यह देश के लिए बड़ी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि के रुप में प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शिरकत दी। उन्होंने प्रदेशभर से यहां पहुंची स्टार महिला रक्तदाताओं और बेहतर काम करने वाली एनजीओ को सम्मानित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वैच्छिक रक्तदान के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आएं। कार्यक्रम में खेल राज्यमंत्री संजय सिंह और पूर्व गृह मंत्री अनिल विज भी मौजूद रहे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि पूरे विश्व में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जा रहा है। रक्तदान के क्षेत्र में रेडक्रॉस ने विशेष भूमिका निभाई है, जो देशभर में मिसाल है। प्रदेश में कोई भी व्यक्ति जरुरत पडने पर रक्त की वजह से जान न गंवाए इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश के 22 जिलों में एक ही दिन में 38 रक्तदान कैंप लगाकर 1 हजार 93 रक्त ईकाइयां एकत्रित की गई है। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। 2023-24 में रेडक्रॉस ने 5 हजार 512 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाए गए जिनमें 3 लाख 46 हजार से ज्यादा रक्त ईकाइयां एकत्रित करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।





अंबाला। रक्तदाओं को बैज लगाते हुए व महिला रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए राज्यपाल।

### सेवा की भावना के साथ कार्य कर रहा रेडक्रॉस

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि रेडक्रॉस सेवा की भावना से कार्य कर रहा है। रेडक्रॉस हरियाणा ने राष्ट्रीय स्तर पर बहुत से पुरस्कार जीते हैं। इस सम्मान समारोह में उन महिलाओं को सम्मानित किया गया है, जिन्होंने कम से कम 10 बार रक्तदान किया है। इसके अलावा ऐसी एनजीओ को भी सम्मानित किया गया है, जिन्होंने साल में कम से कम 2 रक्तदान शिविर लगाए हैं। यह सम्मान समारोह और लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा और सामाजिक संगठनों का मनोबल बढ़ाएगा। रक्तदान केवल किसी जरुरतमंद की सहायता के लिए नहीं बल्कि स्वयं की सेहत के लिए भी लाभदायक है। रेडक्रॉस द्वारा प्रत्येक वर्ष युवाओं के लिए जिलास्तर पर शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिसमें युवाओं को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाता है।

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता

खेल राज्यमंत्री संजय सिंह ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान से अच्छा कोई भी कार्य नहीं हो सकता। यह बेहद पुण्य का कार्य है, क्योंकि इस रक्तदान से ही किसी के भाई, बहन, किसी की बेटी की जान बचाई जाती है। हमें रक्त समय पर न मिले तो जीवन बचना असंभव है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं को इस सम्मान के लिए बधाई दी। राज्यमंत्री संजय सिंह ने कहा कि रक्तदाताओं के लिए कोई न कोई सुविधा दी जानी चाहिए। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि रक्तदान एक महादान माना गया है। रक्त का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व है। हम हर वक्त प्रकृति से किसी न किसी रूप में कुछ न कुछ लेते हैं। जीवन को बेहतर बनाने के लिए हमें प्रकृति का भी ऋण उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा हमारा मूल भाव है। भारत की शिक्षा प्रणाली हमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देती है। संस्कारों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इन्हीं संस्कारों से हम एक अच्छा डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस और अच्छा राजनेता बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि साइंस ने बहुत तरक्की की है लेकिन फिर भी रक्त की एक बूंद नहीं बना सकते। हमें रक्त की जरुरत पडने पर इंसान का रक्त ही लेना पड़ता है। हमें ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए। इससे लोगों की जान बचती है। आज बहुत से लोग अनीमिया जैसी बीमारी से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि माताओं के लिए ऐसे कोर्स की शुरूआत करनी चाहिए ताकि उन्हें यह पता हो कि बच्चे को खाने में क्या डाईट देनी है। कैसे बच्चे को स्वस्थ रखना है। इससे हम बच्चों को अनीमिया मुक्त बना सकते हैं। पूर्व गृह मंत्री ने ऐसा मोबाइल एप्लीकेशन बनाने पर भी जोर दिया, जिससे किसी रक्त दाता को अगर रक्त की आवश्यकता पड़े तो वह उस एप्लीकेशन का इस्तेमाल करके बल्ड बैंक या डोनर का पता लगा सके। तकनीक के युग में ऐसी पहल करने की आवश्यकता है।



अंबाला। पुलिस डीएवी स्कूल की छात्रा को सम्मानित करते राज्यपाल व अन्य।

## थाली व कलश डेकोरेशन स्पर्धा में लक्षिता ने मारी बाजी, राज्यपाल ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा पंचकुला के इंदरधनुष ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय बाल पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल की बाहरवीं कक्षा की छात्रा लक्षिता को इस कार्यक्रम राज्य स्तर की प्रतियोगिता में थाली/कलश डेकोरेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में यहां विस स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता परिवहन मंत्री असीम गोयल भी मौके पर मौजूद रहे। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने इस अवसर पर लक्षिता को तथा उसके माता-पिता को बहुत-बहुत बधाई दी। उन्होंने बताया कि लक्षिता एक होनहार छात्रा है जो पढ़ाई में भी अव्वल आती है और अन्य गतिविधियों में भी पुरस्कार प्राप्त करती रहती है। उन्होंने लक्षिता को भविष्य में भी इस तरह की ऊंचाइयों को हासिल करने का और जीवन में तरक़्क़ी करने का शुभ आशीर्वाद दिया।

### दूध लेकर लौट रहा बाइक सवार सड़क दुर्घटना में घायल

**बराड़ा।** दूध लेकर बाईक पर घर लौट रहे व्यक्ति को टक्कर मारने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव महुआखेड़ी के रमेश सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अभी फिलहाल कमला एनक्लेव में रह रहा है। बीती 3 जून को वह बाइक पर सवार होकर गऊशाला से दूध लेकर वापिस लौट आ रहा था। जैसे ही वह किडज गार्डन स्कूल के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह सडक़ पर गिर गया। सूचना पाकर पीड़ित का भतीजा मोहित मौके पर पहुंचा। तब उसे इलाज के लिए एमएम अस्पताल में ले जाया गया। उसके बाद उसका दूसरा भतीजा अमरदीप सिंह उसे एमएम अस्पतल से प्राथमिक उपचार दिलवाने के बाद पारस अस्पताल पंचकुला ले गया। यहां पीड़ित का इलाज चला। पुलिस अब बाइक सवार को तलाश रही है।

## कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार पिता की मौत, दत्तक पुत्र गंभीर

- मृतक अपने छोटे भाई की रस्म क्रिया कर दतक पुत्र के साथ लौट रहा था घर
- घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी को मौके पर छोड़ कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अमरहेड़ी के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति मौत गई। जबकि उसका दत्तक बेटा घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलतः गाव दरौलीखेड़ा हाल आबाद शिव कालोनी निवासी ओमप्रकाश तथा उसका गोद लिया बेटा राकेश गांव में अपने भाई की रस्म क्रिया में गए हुए थे। दोनों बाइक पर सवार हो कर शिव कालोनी लौट रहे थे। गांव अमरहेड़ी के निकट सर्विस रोड पर नीचे की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें ओमप्रकाश तथा राकेश घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। जबकि राकेश की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

## विस में साफ हो जाएगी भाजपा, कांग्रेस की बनेगी सरकार

- कांग्रेस नेत्री चित्रा ने आंकड़ों के हवाले से विस चुनाव में कांग्रेस की जीत का किया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

छावनी से कांग्रेस नेता चित्रा सरवारा ने लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को सामने रखते हुए विधानसभा चुनाव पर भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा है कि इस बार कांग्रेस का वोट प्रतिशत जबरदस्त तरीके से बढ़ा है और बीजेपी के वोटों में रिकॉर्ड गिरावट आई है। इसलिए जो बीजेपी लोकसभा चुनाव में हाफ रह गई है। वो विधानसभा चुनाव में पूरी तरह साफ हो जाएगी। चित्रा सरवारा ने शुक्रवार को छावनी में विभिन्न इलाकों का दौरा किया वह लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली सफलता पर लोगों के बीच धन्यवाद करने पहुंची थी।इस अवसर पर उन्होंने छावनी के श्याम नगर, वशिष्ट नगर, राणा कांप्लेक्स, मोती बाग़, नसीब बाग, सैनिक नगर, शाहपुर, गोबिन्द नगर, शंकर पार्क, राजिंदरा नगर, टैगोर नगर, अग्रसैन नगर, जनकपुरी, इंद्रपुरी, विश्कर्मा नगर, शिवपुरी कॉलोनी, तारा नगर,मुडा मंडी का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगले 3 महीने आप सब मिलकर आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी करें आपका अगला निशाना विधानसभा होना चाहिए आप सभी मिलकर अगले 3 महीने काँग्रेस की नीतियों का प्रचार घर घर तक करे ताकि अगली आने वाली काँग्रेस की सरकार में आपकी हिस्सेदारी सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस को इसबार 36 बिरादरी का भरपूर समर्थन हासिल हुआ। जनता समझ चुकी है कि बीजेपी के पास लोगों को जात-धर्म के नाम पर भड़काने और लड़वाने के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। लेकिन जनता बंटवारे की नहीं बल्कि भाईचारे की राजनीति को पसंद करती है। 2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले भाजपा का वोट 12% घटा है जबकि कांग्रेस गठबंधन के वोटों में लगभग 20% की बढ़ोतरी हुई है। तमाम राज्यों के मुकाबले हरियाणा में इंडिया गठबंधन को सबसे ज्यादा 47.6 प्रतिशत वोट मिले हैं। कांग्रेस ने इसबार 46 विधानसभाओं पर बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने बताया कि लोकसभा सीटों के हिसाब से देखें तो अंबाला में कांग्रेस को 18.6% ज्यादा तो बीजेपी को 2019 के मुकाबले 11.1% कम वोट मिले हैं। भिवानी में कांग्रेस को 21% ज्यादा तो बीजेपी को 13.8% कम वोट हासिल हुए हैं। फरीदाबाद में कांग्रेस को 20.3% ज्यादा तो बीजेपी को 15.1% कम वोट मिले। गुरुग्राम में कांग्रेस को 11.6% ज्यादा तो बीजेपी को 10.4% वोट कम हासिल हुए हैं। हिसार में कांग्रेस को 33% ज्यादा तो बीजेपी को 7.9% कम वोट मिले।



अंबाला। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा।

## नहरों में नहाने वालों पर शिकंजा कसेगी पुलिस

- जिला प्रशासन ने नहर तथा तालाबों पर लगाई हुई है धारा 144
- नहर तथा तालाबों में नहाते समय डूबने का बना रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गर्मी के मौसम में नहर तथा तालाबों पर नहाने वाले युवाओं पर पुलिस शिकंजा कसेगी। पुलिस अब नहरों और तालाबों पर गश्त करेगी। यदि कोई भी नहर या तालाब पर नहाते हुए मिला तो उसके खिलाफ एफ आईआर दर्ज की जाएगी। क्योंकि जिला प्रशासन ने नहरों तथा तालाबों के आसपास धारा 144 लागू की हुई है। धारा 144 लगाने का कारण यही है कि नहरों या तालाबों में नहाते समय डूबने की घटनाएं हर साल होती है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने इन घटनाओं को रोकने के लिए धारा 144 लगाई है। जिलेभर में पिछले साल अलग-अलग जगहों पर पांच लोगों की डूबने से मौत हो गई थी। हालांकि पिछले साल जिला प्रशासन ने नहरों और तालाबों के पास धारा 144 लगाई हुई थी वहीं नहरों के आसपास चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए थे लेकिन उसके बावजूद भी युवा नहरों तथा तालाबों पर नहाने चले जाते थे और युवकों के डूबने की घटनाएं होती रहती थी। इस बार जिला प्रशासन ने इसको गंभीरता से लेते हुए नहरों तथा तालाबों पर पुलिस द्वारा लगातार गश्त करने के आदेश जारी किए हैं।

### अभिभावक भी रखें अपने बच्चों का ध्यान

नहरों में डूबने की घटनाओं पर अंकुश लगाने में अभिभावकों का अहम योगदान होगा। अभिभावक अपने बच्चों को नहरों, तालाबों तथा खेतों में बनी पानी की डिग्गी में नहाने से रोकें। अपने बच्चों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पिछले साल नहरों में नहाते हुए डूबने की अप्रिय घटनाएं हुई थी। गर्मी के तपिश के चलते परिजनों को बिना बताए युवा नहाने के लिए निकल जाते हैं। ऐसे में पानी के तेज बहाव होने तथा तैरना नहीं आने की वजह से डूब जाते हैं। गर्मियों की छुट्टियों को देखते हुए अभिभावक और अधिक सतर्कता बरतें क्योंकि अक्सर छुट्टियां बिताने के उद्देश्य से ही बच्चे और युवा इकठे होकर ऐसी जगहों पर जाने की योजना बनाते हैं। वहीं नहर के किनारों पर दौड़ लगाने वाले खिलाड़ियों को भी सावधान रहने के निर्देश दिए हैं।

### कनाडा भेजने का झांसा दे 6.60 लाख ठगने का आरोपी काबू

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने कनाडा भेजने का झांसा देकर छह लाख 60 हजार रुपये हडपने के आरोपित दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव कारखाना निवासी रोहताश ने गत तीन अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव के ही सुखविंद्र ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ मिल कर कम खर्च पर गारंटी के साथ युवकों को विदेश भेजने का कार्य करता है। वह उसके दोस्त गांव अफताबगढ़ निवासी अमृत के पास ले गया। जिस पर दोनों ने गांव उरलाना कलां निवासी जसबीर से बात की। साथ ही बताया कि वह पक्का एजेंट है।

## सात शिकायतों का मौके पर ही किया समाधान

- डीसी बोले प्राथमिकता के आधार पर हो हर शिकायत का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ. शालीन के नेतृत्व में शुक्रवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। उपायुक्त कोर्ट में लगे समाधान शिविर में डीसी डॉ. शालीन ने स्वयं आमजन की शिकायतें सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को किसी तरह की परेशानी न आने दी जाए, जिन शिकायतों का तत्काल निवारण किया जा सकता है, उसका उसी वक्त समाधान किया जाए।

डीसी ने बताया कि शिविर में आम नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड व बिजली-पानी से संबंधित समस्याएं मुख्य रूप से नागरिकों द्वारा रखी जा रही है। सभी विभागों के अधिकारी शिविर में मौजूद रहते हैं। उनके विभाग से संबंधित जो भी समस्या आती है उसका त्वरित समाधान किया जाता है। बता दें कि 10 जून की लंबित बुढ़ापा पेंशन स्कीम से जुड़ी 3 लंबित शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। शुक्रवार को 7 शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया गया। इनमें से 4 शिकायतें पीपीपी और 3 शिकायतें पेंशन से जुड़ी थी। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते डीसी डॉ. शालीन।

### हांसी ब्रांच नहर से मिला 14 वर्षीय बच्चे का शव

**सफीदों।** सफीदों के बीचोबीच बह रही हांसी ब्रांच नहर में शुक्रवार सुबह एक 14 वर्षीय बच्चे की लाश बहती हुई मिली। किसी ने बच्चे की लाश नहर में बहती हुई देखी तो उसने सिटी पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाया। बच्चे का शव पूरी तरह से फूलकर गल चुका था। मृतक बच्चे की पहचान मनीष (14) निवासी रेर कलां (पानीपत) के रूप में हुई है। मामले की सूचना परिजनों को मिली तो उन्होंने नागरिक अस्पताल पहुंचकर शव की शिनाख्त की। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे किसी नहर के अंदर एक लाश तैरती हुई दिखाई दी। उसने इसकी सूचना सफीदों पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और नहर से शव को बाहर निकलवाया और उसे शिनाख्त के लिए सफीदों के नागरिक अस्पताल में रखवाया। नहर के निकाले गए बच्चे की शव की फोटो वायरल हुई तो परिजनों को इस बाबत सूचना मिली।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

इनेलो ऑफिस में हुई मीटिंग में लोगों ने रजिस्ट्रियों को लेकर किया मंथन

## रजिस्ट्री-एनओसी व प्रॉपर्टी टैक्स की समस्या से जूझ रही जनता

- कृषि भूमि की रजिस्ट्री के संबंध में अब तक कभी भी न तो प्रॉपर्टी टैक्स लगा है और न ही प्रॉपर्टी आईडी बनानी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी की जनता को पेश आ रही रजिस्ट्री संबंधी भिन्न समस्याओं को लेकर नागरिकों ने मीटिंग की। यह मीटिंग इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह के कार्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर ओंकार सिंह ने कहा कि अंबाला छावनी की जनता रजिस्ट्री, एनओसी,प्रॉपर्टी टैक्स साहित अनेक समस्याओं से जूझ रही हैं लेकिन अफसोस की प्रशासन किसी भी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। रजिस्ट्रियों बारे शहरी निकाय मंत्री की घोषणा को मात्र छलावा व आमजन की समझ से परे करार देते हुए उन्होंने कहा कि कृषि भूमि की रजिस्ट्री के संबंध में अब तक कभी भी न तो प्रॉपर्टी टैक्स लगा है और न ही प्रॉपर्टी आईडी बनानी पड़ी। जब से यह सरकार आई है तब से जनता को प्रयोग की वस्तु बनाकर रख दिया है। आमजन को परेशानी के अलावा कुछ नहीं मिला। अब स्थानीय निकाय मंत्री की घोषणा से जनता को क्या राहत मिली यह समझ से परे है? एक एकड़ से अधिक की रजिस्ट्री करवाने पर पहले ही कोई पाबंदी नही थी। कृषि भूमि पर प्रॉपर्टी टैक्स लगता ही नहीं। इस संबंध मे अनेक बार प्रशासन को चेताया भी गया और ज्ञापन भी दिए गये लेकिन इस बारे प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया। पूर्व में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा करके रजिस्ट्री करने के अधिकार डीआरओ व एसडीएम को भी दे दिए थे लेकिन सरकार बताए की रजिस्ट्री हो कितनी संख्या मे रही हैं। सरकार वैध व अवैध का चककर छोड़ सभी प्रकार की रजिस्ट्री खोले और कहा कि सरकार यह तो बता दे सदर छेत्र की रजिस्ट्री बंद क्यों है? इस अवसर पर राजेश सचदेवा, रूप राम, संजीव कुमार, तरुण कुमार, राजेश पासी व अन्य उपस्थित थे।



अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद लोग।